-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 30.06.2025

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **अधिवर्षता की आयु पूर्ण कर सेवानिवृत हुए जनपद के 05 उपनिरीक्षक व 01 मुख्य आरक्षी चालक । पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों को स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना के साथ स्मृति चिन्ह भेंट कर दी गई विदाई ।**

विवरण- आज दिनांक 30.06.2025 को अधिवर्षता की आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले **05 उपनिरीक्षकों व 01 मुख्य आरक्षी चालक** को पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल द्वारा उनके दीर्घकालिक सेवा योगदान की सराहना करते हुए उन्हें स्वस्थ, सम्मानजनक एवं दीर्घायु जीवन की शुभकामनाएं दी गईं, साथ ही उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। गौरतलब हो कि जनपद के **05 उपनिरीक्षक व 01 मुख्य आरक्षी चालक** अधिवर्षता की आयु पूर्ण कर आज सेवानिवृत्त हो गए इनमें **1- उ0नि0श्री अशोक कुमार तिवारी थाना पैलानी, 2- उ0नि0परिवहन श्री चेतन स्वरुप सिंह परिवहन शाखा, 3-उ0नि0 श्री केशव चन्द्र थाना नरैनी, 4- उ0नि0 श्री रविन्द्र सिंह वाचक कार्यालय पुलिस अधीक्षक, 5- उ0नि0 श्री शंकर लाल पुलिस लाइन बांदा व 6- मुख्य आरक्षी चालक श्री बसंत लाल परिवहन शाखा** शामिल हैं । सम्मान समारोह के दौरान क्षेत्राधिकारी नगर श्री राजीव प्रताप सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर श्री राजवीर सिंह गौर, प्रशिक्षु क्षेत्राधिकारी श्री पियूष पाण्डेय, प्रतिसार निरीक्षक बांदा श्री वेदमणि मिश्र सहित सेवानिवृत्त कर्मियों के परिवारीजन आदि उपस्थित रहे।